प्रेस विज्ञप्ति

गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

जनरल बिपिन रावत पर्वतीय विकास शोध शिक्षणालय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

पन्तनगर। 21 जनवरी 2024। विश्वविद्यालय में नारमन ई.बोरलॉग फसल अनुसंधान केन्द्र स्थित जनरल बिपिन रावत पर्वतीय विकास शोध शिक्षणालय के तत्वाधान में लोक पर्व उत्तरायणी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में कुलपति डा. चौहान द्वारा जनरल बिपिन रावत के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों का अनुकरण करने का आह्वान किया गया। शोध शिक्षणालय की स्थापना के उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए डा. चौहान द्वारा इसकी प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया और भविष्य में उत्तराखण्ड के कृषि एवं सांस्कृतिक विकास के लिए कार्य किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। निदेशक शोध डा. नैन द्वारा उत्तरायणी के महत्व पर प्रकाश डाला और शोध शिक्षणालय के कार्यों की सराहना की। निदेशक शोध शिक्षणालय डा. ए.एस. जीना द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शोध शिक्षणालय की विगत वर्ष की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शोध शिक्षणालय द्वारा विगत वर्ष आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कुलपति द्वारा प्रशस्ति–पत्र भी प्रदान किये गये जिसमें स्लोगन प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में श्रीया, परेश राव, पल्लवी एवं सौम्या प्रथम स्थान पर रहे। कला प्रतियोगिता में हर्षिता तथा भाषण प्रतियोगिता में रवीना एवं प्रगति प्रथम स्थान पर रहे। पर्वतीय सांस्कृतिक एवं शोध पर आधारित क्विज प्रतियोगिता में प्रियंका ने बाजी मारी। इस अवसर पर कुलपति के कर–कमलों से प्रगतिशील किसान समिति के प्रतिनिधि मण्डल को दुधारू पशुओं के नस्ल सुधार हेतु सीमेन लाने–ले जाने की सुविधा के लिए एक क्रायोकेन प्रदान किया गया। प्रतिनिधि मण्डल में पूर्व विधायक लालकुआं श्री नवीन दुम्का के साथ ही समिति के उपाध्यक्ष श्री उमेश भट्ट उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपनिदेशक शोध शिक्षणालय डा. सीमा क्वात्रा द्वारा सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठातागण, निदेशकगण एवं संकाय सदस्य, डा. वी.पी. सिंह, डा. अजय कुमार, डा. राजीव रंजन कुमार, डा. उषा पंत एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

प्रगतिशील किसान समिति के प्रतिनिधि मण्डल को क्रायोकेन प्रदान करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य अतिथि।

निदेशक संचार